# राधे बिन श्याम तुम आधे | By Muskan Sharma |

राधे बिन श्याम तुम आधे
राधे भी आधे
संग में हैं दोनों
जैसे हो दिया और बाती

जिसको तुमने है थामा
मिला उसको किनारा
बिना तेरे ओ मोहन
ना कोई है हमारा
अपने चरणों में तुम
दे दो अब जगह ज़रा-सी

तुमको जिसने पुकारा
बने उसका सहारा
दया के तुम हो सागर
हरो सब दुख हमारा
हम पे भी तुम रखना
दया की नज़र ज़रा-सी

सुनो विनती हमारी
कि जब साँसें हों भारी
ज़ुबान पे नाम तेरा
आँखों में छवि तुम्हारी
सुनो मुस्कान की अब
यही हसरत ज़रा-सी

राधे बिन श्याम तुम आधे
राधे भी आधे
संग में हैं दोनों
जैसे हो दिया और बाती

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%a8-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae-%e0%a4%86%e0%a4%a7%e0%a5%87-by-muskan-sharma/